विशेष अर्थ में प्रयोग किए गए ये वाक्यांश हैं 'मुहावरे' हैं अतः कहा जा सकता है कि

परिभाषा

सामान्य शाब्दिक अर्थ को छोड़कर विशेष अर्थ में प्रयोग किए गए वाक्यांशों को 'मुहावरे' कहा जाता है।

मुहावरों के प्रयोग में दो बातों का ध्यान रखना बेहद जरूरी है–

15. उल्लू बनाना (मूर्ख बनाना)– साधु के वेश में घूमने वाले ठग लोगों को उल्लू बनाकर उनसे रुपए ठग लेते हैं।

16. एक आँख से देखना (सबको एक जैसा मानना)– ईश्वर सबको एक आँख से देखते हैं।

17. एक और एक ग्यारह होना (एकता में ताकत होना)– उन दोनों भाइयों से कोई नहीं टकराता क्योंकि सब जानते हैं कि एक और एक ग्यारह होते हैं।

18. कमर कसना (पूरी तरह तैयार होना)– आतंकवादियों के खात्मे के लिए हमारे सैनिकों ने कमर कस ली है।

19. कोल्हू का बैल होना (बहुत मेहनती होना)– वह दिन में लगभग सोलह घंटे काम करता है, वह तो सचमुच कोल्हू का बैल है।

20. खरी-खोटी सुनाना (भला-बुरा कहना)– अपना पसंदीदा गमला तोड़ देने पर माँ ने उसे खूब खरी-खोटी सुनाई।

कुछ अन्य मुहावरे तथा उनके अर्थ–

मुहावरा	अर्थ
1. खून-पसीना एक करना	बहुत अधिक कठिन परिश्रम करना
2. खून सफ़ेद हो जाना	बहुत डर जाना
3. गाल बजाना	डींगें हाँकना या अपनी प्रशंसा अपने आप ही करना

4. घड़ों पानी पड़ना	बहुत अधिक शर्मिंदा होना
5. घी के दीये जलाना	खुशियाँ मनाना
6. चैन की बंसी बजाना	बहुत सुकून व चैन से जीवन गुज़ारना
7. छक्के छुड़ाना	बुरी तरह हराना
8. छाती पर साँप लोटना	ईर्ष्या करना
9. ज़मीन-आसमान एक करना	लक्ष्य प्राप्ति के लिए बहुत कोशिश करना
10. झाड़ू फिरना	सब बरबाद हो जाना
11. टाँग अड़ाना	किसी काम में बाधा डालना
12. डंका बजाना	अपना प्रभाव जमाना
13. ढेर करना	मार डालना
14. तारीफ़ के पुल बाँधना	बहुत अधिक प्रशंसा करना
15. तू-तू, मैं-मैं होना	आपस में तकरार होना
16. थू-थू करना	गलत काम की निंदा होना
17. दाँतों तले उँगली दबाना	हैरान रह जाना
18. नौ दो ग्यारह होना	भाग जाना
19. प्राण सूखना	बहुत डर जाना
20. फूला न समाना	बहुत खुश होना
21. बाएँ हाथ का खेल होना	बहुत आसान काम होना
22. लोहा लेना	डटकर मुकाबला करना
23. हाथ-पाँव मारना	बहुत कोशिश करना